इकलौते बेटे की मौत पर फूटा गुस्सा छतनाग रोड पर लगाया जाम

ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और आरोपित का मकान गिराने की उठायी मांग

झूंसी (प्रयागराज) छतनाग रोड स्थित नैका प्राथमिक विद्यालय के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से १० वर्षीय अभिनव की मौत के बाद शनिवार शाम परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गमगीन परिजनों और पड़ोसियों ने छतनाग रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। वे हादसे के जिम्मेदार ट्रैक्टर चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे, आक्रोशित लोगों ने आरोपित का मकान गिराने की मांग भी उठाई।हालाकि चार बहनों में इकलौते भाई अभिनव की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है घर के इकलौते चिराग को खोने के गम में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हृदयविदारक घटना से मोहल्ले के लोगों में भी गहरा दुख और आक्रोश है। पुलिस को दी गयी तहरीर के मुताबिक, नैका गांव निवासी अजीत कुमार ने आरोप लगाया कि रास्ते को लेकर राजा राम के परिवार से विवाद चल रहा था। २० अक्तूबर को परिवार की सुरक्षा के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया गया था। आरोप है कि २३ अक्तूबर की शाम राजा राम, शशि शेखर, शिवानंद, शिवम, सौरभ और सच्चिदानंद ने साजिश के तहत ट्रैक्टर चालक को भेजकर अजीत के भतीजे अभिनव को कुचलवा दिया। घटना के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।परिजनों और स्थानीय लोगों का कहना था कि हादसे के जिम्मेदार चालक के खिलाफ सख्त काररवाई होनी चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। जाम की सूचना पर झूंसी थानाध्यक्ष नरेश कश्यप पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम समाप्त कर दिया। थानाध्यक्ष नरेश कश्यप ने परिजनों को आश्वस्त किया कि ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी के लिए कारारवाई की जा रही है। तहरीर के आधार पर झूंसी पुलिस ने छह नामजद आरोपितों और अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा १०५ और ६१(२) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जाम के दौरान एसीपी अरुण पाराशर, छतनाग चौकी प्रभारी सचिन तंवर टीम सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया कि मामले में कानून के अनुसार कारारवाई की जायेगी और पीडीत को न्याय मिलेगा।

फाफामऊ का ऐतिहासिक दशहरा मेला आज

फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ का ऐतिहासिक दशहरा मेला रविवार को आयोजित होगा। कई दशकों से चली आ रही इस परंपरा के तहत मेला दो दिवसीय रहेगा। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी ने दी।


जाम लगा रहे लोगों को समझाते पुलिसकर्मी।

सीवर लाइन का काम अधूरा छोड़ ठेकेदार फरार

नैनी (प्रयागराज)। चकदोदी एवं चक फजुल्ला स्थित चीनी मिल ग्राउंड के समीप सीवर लाइन बिछाने का कार्य अधूरा छोड़कर ठेकेदार के फरार होने से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। सड़क खोदकर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे खुले छोड़ दिये गये हैं और भारी पाइपें मार्ग पर ही बिखरी पड़ी हैं।थानीय निवासियों और महिलाओं के अनुसार गड्ढों में जलभराव और दुर्गंध से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, वहीं बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के गिरने की आशंका बनी रहती है। आक्रोशित नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर जेई नंदनी का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में पूर्व पार्षद विनय जायसवाल 'बाबा', राहुल जायसवाल, बेटू जायसवाल, गब्बर वंशकार, कैफी सुल्ताना, दशरथ जायसवाल और सोनू श्रीवास्तव प्रमुख रहे। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि गड्ढों को ढककर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा न कराया गया, तो नगर आयुक्त और जीएम जल संस्थान के समक्ष व्यापक प्रदर्शन किया जायेगा। इस पर जेई ने ठेकेदार को तलब कर तत्काल कार्य शुरू कराने और सुरक्षा प्रबंध करने का आश्वासन दिया।

साप्ताहिक बाजार से अखबार वितरक की साइकिल चोरी

रामपुर (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत रामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में शनिवार को एसटी भगत इंटर कॉलेज के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार से साइकिल चोरी हो गई। रामपुर निवासी सतीश कुमार अखबार बांटने का काम करते हैं।जानकारी के अनुसार, सतीश कुमार बाजार में सब्जी खरीदने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी साइकिल बाजार के पास खड़ी कर दी और खरीदारी करने लगे। इसी दौरान चोर साइकिल लेकर फरार हो गये। वापस लौटने पर साइकिल गायब देख उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। घटनास्थल रामपुर पुलिस चौकी से करीब एक किलोमीटर दूर है। साइकिल चोरी होने से अखबार वितरण का काम करने वाले सतीश कुमार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पांच बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद

फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ पुलिस ने शनिवार को बेला कछार से पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद कीं। पुलिस के अनुसार, २१ अक्तूबर को बसना नाला के पास से बाइक चोरी होने के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही थी। थाना प्रभारी छोटक यादव ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर बलजीत गौतम उर्फ बच्चा, गुलाब भारतीया, रवि भारतीया, मनोज कुमार और शनी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपी नवाबगंज और थरवई थाना क्षेत्रों के निवासी हैं तथा उनके खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आवश्यक कारारवाई के बाद पांचों को जेल भेज दिया।

तिलक का पूरा के दशहरा मेले में नौटंकी ने बांधा समां

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के तिलक का पूरा गांव में शुक्रवार शाम आयोजित दशहरा मेले में आस्था, उल्लास और ग्रामीण संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। मेले में रावण दहन के साथ नौटंकी का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। के आकर्षण का केंद्र रहीं। परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने मेले का आनंद लिया और खरीदारी की। रावण दहन के बाद आयोजित नौटंकी को देखने के लिए दर्शकों में खासा उत्साह रहा। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मनोरंजन किया।

देर रात तक मेला परिसर में लोगों की आवाजाही बनी रही। पूरे आयोजन

रावण दहन एवं झांकियां बनी आकर्षण का केन्द्र मिठाइयों और खिलौनों की दुकानों पर रही भीड़

देर रात तक चले मेले में ग्रामीणों ने जमकर आनंद उठाया।

मेले में शाम से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, मिठाइयों, खिलौनों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानें सजाई गयी थीं।

बच्चों की चहल-पहल, पकवानों की खुशबू और दुकानों पर खरीदारी करते लोगों की भीड़ ने मेले की रौनक बढ़ा दी। आकर्षक झांकियां भी लोगों के दौरान ग्रामीण संस्कृति की झलक के साथ उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। मेले को सफल बनाने में सुरेंद्र यादव, शंकर यादव, जय सिंह यादव, सौरभ यादव, भारत यादव, जयचंद्र चौहान, कमलेश सिंह चौहान और परमेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित मेले ने क्षेत्र में दशहरा पर्व की खुशियों को और बढ़ा दिया।

घर में घुसकर युवक एवं उसकी बहनों को पीटा

नैनी (प्रयागराज)। नैनी के खुराना मार्केट शंकरढाल में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पांच नामजद आरोपितों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर युवक और उसकी बहनों को पीटकर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे युवक के दोस्त को भी नहीं बख्शा गया। पीड़ित की तहरीर पर नैनी थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

खुराना मार्केट निवासी सौरभ श्रीवास्तव पुत्र शिवकुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर रात करीब २:३० बजे वह घर में सो रहा था। आरोप है कि श्लोक राठौर पुत्र पप्पू उर्फ लम्बू राठौर, धर्मराज राठौर पुत्र विदुल राठौर, करन भुंजवा पुत्र भोला भुंजवा, गोलू पासी पुत्र धानू पासी और सुंदरम अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचे। आरोपितों ने गेट खुलवाने के बाद घर में घुसकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचीं उसकी बहनों गीता और शिवानी को भी पीटा

बीच-बचाव करने आये दोस्त को भी किया घायल

गया, जिससे उनके सिर और हाथ में चोटें आईं।

तहरीर के मुताबिक, सौरभ का दोस्त मानस तिवारी दशहरा मेला देखकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान उसने सौरभ के घर के सामने २० से २२ अज्ञात लोगों को खड़े देखा। घर के अंदर से चीख-पुकार सुनकर वह बीच-बचाव करने पहुंचा तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की।

हमले में मानस के सिर में गंभीर चोट लगने का आरोप है। पीड़ित ने हमले में ईंट-पत्थर और लोहे की सरिया इस्तेमाल किये जाने की बात भी कही है। पीड़ित ने पुलिस से सभी घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराने और आरोपितों के खिलाफ कानूनी कारारवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुकुट पूजन के साथ सोरांव में रामलीला की हुई शुरुआत

मेजा रोड (प्रयागराज)। सोरांव गांव में शुक्रवार को मुकुट पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन नारद मोह प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान राजेश द्विवेदी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद निर्देशक राम आसरे द्विवेदी, संचालक प्रभा शंकर ओझा (रिंकू), लालजी द्विवेदी और रामभवन द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरुआत की। नारद की भूमिका लल्लू द्विवेदी, भगवान शंकर की दीपक द्विवेदी, इंद्र की गुड्डू द्विवेदी, दधिचि गुरु की शिवसागर द्विवेदी और कामदेव की भूमिका सत्यम द्विवेदी ने निभाई। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में राम जन्म, सीता स्वयंवर, वनगमन और रावण वध सहित रामकथा के प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और रामलीला प्रेमी मौजूद रहे।

आजका मुहूर्त

दिनांक- २५ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ तुला राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- चतुर्दशी दिन में ११.०६ तक पूर्णिमा। शरद पूर्णिमा व्रत कोजागरी।
वार- रविवार
नक्षत्र- रेवती रात्रि ०७.५५ तक उपरान्त अश्वनी(पंचक समाप्ति रात्रि ०७.५५ पर)
योग- हर्षण सायं ०६.४१ तक उपरान्त वज्र।
राशि- मीन रात्रि ०७.५५ तक उपरान्त मेष।
सूर्योदय- ०६.२४ बजे
सूर्यास्त- ०५.३६ बजे
राहुकाल- सायंकाल ०४.३० से ०६ बजे तक।
भद्रा- दिन में ११.०६ से रात्रि १०.३२ तक।
मुहूर्त- स्वर्ग लोक में । अश्वनी में प्रसूति स्नान, अन्नप्राशन, नृत्य गीत वाद्य आरम्भ, वाहन क्रय विक्रय व्यापार, आवेदन पत्र लेखन आदि।
विशेष- आज शरद पूर्णिमा के दिन रात्र के ८ बजे के बाद खीर पकाकर खुले आसमान में रखे तथा सुबह प्रसाद लें। आज ही कोजागरी ढेड़िया भी रात्रि ८ बजे के बाद मनायी जायेगी तथा रात्रि पर्यन्त दीप जलाये तथा ऐश्वर्य प्राप्ति हेतु लक्ष्मी की पूजा करें।

घूरपुर में रामलीला के बाद धूमधाम से निकलीं झांकियां

ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम



घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर में जय मां शारदा धार्मिक प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित रामलीला के समापन के बाद शुक्रवार रात ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों के बीच रामदल सहित दो दर्जन से अधिक आकर्षक चौकियां और झांकियां निकाली गईं। इन्हें देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देर रात तक पूरा बाजार उत्सव के रंग में डूबा रहा।

दशहरा महोत्सव का शुभारंभ रामलीला मैदान से हुआ। सबसे आगे रामदल की झांकी चल रही थी। इसके पीछे राधा-कृष्ण, हनुमान दल, लंका दहन, सुदामा चरित्र, मेघनाथ वध, भरत मिलाप और शिव बारात सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियां निकाली गईं। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियों और आकर्षक वेशभूषा ने दर्शकों का मन मोह लिया।

महोत्सव में घूरपुर पुलिस की ओर से निकाली गयी मिशन शक्ति की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके माध्यम से नारी सशक्तीकरण और महिला सुरक्षा का संदेश दिया गया। झांकी की लोगों ने सराहना की। दशहरा मेले के मद्देनजर घूरपुर बाजार को विद्युत झालरों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें लगी थीं। बच्चे झूलों का आनंद लेते नजर आए, जबकि श्रद्धालु झांकियों के साथ चलते रहे। मेले की व्यवस्था जय मां शारदा धार्मिक प्रतिष्ठान के प्रबंधक श्रीश जायसवाल, संजीव जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने संभाली। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए घूरपुर पुलिस मुस्तैद रही। आयोजकों ने बताया कि घूरपुर का दशहरा मेला कई दशकों से चली आ रही ऐतिहासिक परंपरा का हिस्सा है।

रेलवे क्रासिंग बंद होने से ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें, खोलने की मांग

स्टेशन अधीक्षकको सौंपा ज्ञापन, वैकल्पिक रास्ता देनेकी उठायी मांग

नैनी (प्रयागराज)। तहसील करछना के छोटा चाका नई बस्ती के ग्रामीणों ने बंद पड़ी रेलवे क्रासिंग एलएक्स-४३५ आर को तत्काल खुलवाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने लिंक जंक्शन नैनी के स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आवागमन की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि छोटा चाका नई बस्ती की आबादी करीब ४,००० है। गांव के लोगों को प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राशन की दुकान और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए बड़े चाका जाना पड़ता है। दोनों गांवों के बीच रेलवे लाइन होने के कारण पहले एलएक्स-४३५ आर रेलवे क्रासिंग से आवागमन होता था, लेकिन काफी समय पहले इसे बंद कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्रासिंग खुलवाने के लिए कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब संबंधित स्थान पर बैरिकेडिंग कर रास्ता पूरी तरह बंद किया जा रहा है। इससे लोगों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है। पहले ग्रामीण ट्रेन का आवागमन देखकर रेलवे लाइन पार कर आते-जाते थे। इस रास्ते से बच्चों को स्कूल जाने, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और अन्य जरूरी कामों के लिए आना-जाना पड़ता था। गर्भवती महिलाओं को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने में परेशानी होती थी। ग्रामीणों ने कहा कि रास्ता बंद होने के बाद आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचना भी मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने रेलवे प्रशासन से बंद क्रासिंग को तत्काल खुलवाने अथवा आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि रास्ता नहीं मिलने से बच्चों की शिक्षा, इलाज और अन्य जरूरी सुविधाएं प्रभावित होंगी।

मंदिर निर्माण कार्य में पारदर्शिता जरूरी,जांचोपरांत होगा कार्य-राजमणि कोल

महुआव शिव मंदिर के कार्य का विधायक ने किया निरीक्षण

कोरांव (प्रयागराज)। विधानसभा क्षेत्र कोरांव के महुआव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पर्यटन विभाग की ओर से कराए जा रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को विधायक राजमणि कोल ने मंदिर परिसर पहुंचकर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण सामग्री की जांच कराने और गुणवत्ता सुनिश्चित होने के बाद ही आगे का कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये।

विधायक ने कहा कि मंदिर निर्माण कार्य में पारदर्शिता जरूरी है। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की जांच कराई जायेगी और जांच के बाद ही कार्य आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का विकास पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनभावनाओं के अनुरूप होना चाहिए।

बताया गया कि विधायक राजमणि कोल के प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार की ओर से महुआव शिव मंदिर के सुंदरीकरण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए पर्यटन विभाग के माध्यम से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। फिलहाल मंदिर परिसर में निर्माण कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है ।

थाना समाधान दिवस में सरकारी जमीनों से हटाया गया अवैध कब्जा

बारा, कोरांव सहित विभिन्न तहसीलों में शिकायतों पर हुई कारारवाई

बारा (प्रयागराज)। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जमीन संबंधी शिकायतों का निस्तारण कराया गया। राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए कई मामलों का समाधान किया।

बारा तहसील के घूरपुर थाना क्षेत्र के कांटी गांव में आराजी संख्या १०१२ पर अस्थायी कब्जे की शिकायत पर तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को सुनने के बाद नियमानुसार निस्तारण कराया। फूलपुर तहसील में चकमार्ग और खलिहान से संबंधित आठ शिकायतों का समाधान किया गया। सोरांव में नाली, चकमार्ग और नवीन परती सहित ११ शिकायतों पर कार्रवाई हुई।

मेजा में चकमार्ग से संबंधित शिकायत का निस्तारण कराया गया। कोरांव में पांच शिकायतों का निस्तारण करते हुए राजस्व और पुलिस टीम की मौजूदगी में नाली व चकमार्ग से अवैध कब्जे हटवाए गये। वहीं, करछना तहसील में मुन्नी देवी, सचिन पाल सहित छह शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का समाधान कराया गया।

कासा फार्म स्टे में तोड़फोड़ और लूटपाट का आरोप

तीन नामजद सहित २०-२५ अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र स्थित कासा फार्म स्टे रेस्टोरेंट में देर रात गाली-गलौज, वाहनों में तोड़फोड़ और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित विपिन कुमार सिंह की तहरीर पर औद्योगिक थाने में तीन नामजद समेत २०-२५ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब १:११ बजे विपिन कुमार सिंह अपने मित्र के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने गये थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद भविष्य ठाकुर, शिवम सिंह उर्फ गोलू, राज मवैया और उनके साथ आए २०-२५ अज्ञात युवकों ने बाहर खड़े उनके वाहन में तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोप है कि उनके मित्र की दूसरी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई और उसमें रखा बैग व कीमती सामान लूट लिया गया। पीड़ित और उसके मित्र ने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गये। पीड़ित ने डायल ११२ पर पुलिस को सूचना दी। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

२८वां सात दिवसीय जमुनापार महोत्सव २८ से

करछना (प्रयागराज)। जमुनापार की संस्कृति, लोककला, साहित्य, संगीत और सामाजिक समरसता को समर्पित २८वां सात दिवसीय जमुनापार महोत्सव २८ अक्टूबर से रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कालेज में आयोजित होगा। महोत्सव में प्रतिदिन शाम ४ से ७:३० बजे तक स्वामी विनोदानन्द सरस्वती जी महाराज और पंकज जी महाराज द्वारा रामकथा सुनायी जाएगी। आयोजन के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र भाषण, निबंध, लोकगायन, लोकनाट्य और लोकनृत्य सहित कई प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। जमुनापार के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे, वहीं कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक संदेश देंगे। तीन नवंबर को महोत्सव के समापन अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। जागृति मिशन के संयोजक एवं महोत्सव के आयोजक डा. भगवत पांडेय ने क्षेत्रीय लोगों और प्रबुद्धजनों से आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

सूचना-मेरा परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर प्राचीन इतिहास सत्र - 2022-2023 अनुक्रमांक 2240145801038 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। शशिकांत सोनी पुत्र शम्भूनाथ सोनी, ग्राम/पोस्ट-अंतपुर, प्रतापगढ़,(उ. प्र.)।

सूचना- मेरा एमएससी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष सत्र 2016 - 2017, अनुक्रमांक 1740800571019 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। मृदुल मिश्र पुत्र घनश्याम मिश्र,पता एच 10 गोविंदपुर,आवासीय योजना तेलियरगंज, प्रयागराज 211004 (उ. प्र.)।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1241525565 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है नाम-रूबी कोरी पुत्री-श्री सन्तराम पता-नन्दू तिवारी का पुरवा, रेहुआ लालगंज प्रतापगढ़।

सूचना-मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1413850 का अंकपत्र -सह प्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है। अजय कुमार पाल, पुत्र राम कृपाल पाल पता-लाल का पूरा पडरैया सेवइत सोरांव, प्रयागराज-211013

सूचना-मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2246355636 का अंकपत्र -सह प्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है। अंकित कुमार यादव पुत्र-सुभाष चन्द्र पता-भीतिपुरेनैन प्रतापगढ़-230129

सूचना

सुचित किया जाता है कि मेरा नाम मोनिका यादव पत्नी अमित कुमार यादव निवासी उमरगंज रायपुर जौनपुर है मेरे अंकपत्र में मोनिका देवी है जो शुद्ध व सही है जबकि आधारकार्ड में गलती से मोनिका यादव अंकित हो गया है मुझे मोनिका देवी के नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र SARTHAK DHAR DUBEY की जन्मातिथि 21.03.2012 जो कि सही जन्म तिथि है, लिखा और पढ़ा जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम माही शुक्ला पुत्री महेन्द्र शुक्ला है जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं. 330602958582 में उसका नाम मानी शुक्ला हो गया है कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम माही शुक्ला पुत्री महेन्द्र शुक्ला का नाम से जाना व पहचाना जाये। महेन्द्र शुक्ला- कल्यानपुर, कुंडा, परसीपुर, प्रतापगढ़(उ.प्र.)-230201

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र AARAV YADAV के स्कूल के अभिलेख में पिता का नाम त्रुटिवश (YOGENDRA YADAV) अंकित हो गया है (जो कि गलत है) सही नाम (YOGENDRA KUMAR SINGH) लिखा और पढ़ा जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दरकशा हाशमी पुत्री आफताब अहमद हाशमी पत्नी श्री अयाज अख्तर निवासिनी-786के/के, बाजूपुर, जीटीबीनगर पर0-व तह0-सदर जिला-प्रयागराज है। शादी के पूर्व मेरा नाम दरकशा हाशमी था, शादी के बाद उपनाम हाशमी से अख्तर हो गया है। यह कि दरकशा हाशमी व दरकशा अख्तर दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः भविष्य में मुझे दरकशा अख्तर पत्नी अयाज अख्तर के नाम से जाना पहिचाना जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र ADARSH YADAV की जन्मतिथि स्कूल के अभिलेख में 11.02.2012 (जो कि गलत है) सही जन्मतिथि 11.02.2011 है। एवं पिता के नाम की स्पेलिंग (SUSHIL KUMAR YADAV) जो की गलत है सही स्पेलिंग (SUSHIL KUMAR SINGH) है ।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तेज नारायण यादव (जो कि गलत स्पेलिंग है) तेज नारायण (सही स्पेलिंग) है। एवं माता का नाम फूला देवी (जो कि गलत स्पेलिंग है) फूला देवी यादव (सही स्पेलिंग) है।

रेलगाड़ियों के समय-सारणी में परिवर्तन

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित रेलगाड़ियों का विस्तार, समय एवं टर्मिनल में संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

रेलगाड़ियों का विस्तार एवं समय में संशोधन

स्टेशन	वर्तमान समय		संशोधित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 12381 हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस का शकूर बस्ती तक विस्तार				
नई दिल्ली	06:05	----	06:20	06:45
शकूर बस्ती	----	----	07:20	----
दिनांक 30.10.2026 से गाड़ी सं 12382 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस का शकूर बस्ती तक विस्तार				
शकूर बस्ती	----	----	----	16:35
नई दिल्ली	----	17:40	17:15	17:40
दिनांक 30.10.2026 से गाड़ी सं 12303 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस का शकूर बस्ती तक विस्तार				
नई दिल्ली	06:05	----	06:20	06:45
शकूर बस्ती	----	----	07:20	----
दिनांक 29.10.2026 से गाड़ी सं 12304 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस का शकूर बस्ती तक विस्तार				
शकूर बस्ती	----	----	----	16:35
नई दिल्ली	----	17:40	17:15	17:40

रेलगाड़ियों के समय में संशोधन

स्टेशन	वर्तमान समय		संशोधित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
दिनांक 29.10.2026 से गाड़ी सं 12275 प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस				
नई दिल्ली	06:15	----	06:35	----
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 12276 नई दिल्ली-प्रयागराज हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस				
नई दिल्ली	----	22:30	----	23:05
प्रयागराज जं.	06:20	----	07:45	----
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 22437 प्रयागराज-आनन्द विहार (ट.) हमसफर एक्सप्रेस				
आनन्द विहार (ट.)	06:10	----	06:25	----
दिनांक 29.10.2026 से गाड़ी सं 22438 आनन्द विहार (ट.)-प्रयागराज हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस				
आनन्द विहार (ट.)	----	22:35	----	23:15
कानपुर सेंट्रल	03:25	03:30	04:10	04:15
प्रयागराज जं.	06:20	----	07:55	----
दिनांक 29.10.2026 से गाड़ी सं 22465 मधुपुर-आनन्द विहार (ट.) बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस				
आनन्द विहार (ट.)	06:30	----	06:45	----
दिनांक 03.11.2026 से गाड़ी सं 22459 मधुपुर-आनन्द विहार (ट.) बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस				
प्रयागराज जं.	22:36	22:38	22:20	22:22
आनन्द विहार (ट.)	06:30	----	06:45	----
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 12427 रीवा-आनन्द विहार (ट.) रीवा एक्सप्रेस				
ग़ाज़ियाबाद	06:03	06:05	06:18	06:20
आनन्द विहार (ट.)	06:40	----	06:55	----
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 12417 प्रयागराज-नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस				
ग़ाज़ियाबाद	06:13	06:15	06:28	06:30
नई दिल्ली	07:00	----	07:15	----
दिनांक 05.01.2027 से गाड़ी सं 19604 गोड्डा-दौराई एक्सप्रेस				
ग़ाज़ियाबाद	07:23	07:25	06:48	06:50
दिल्ली जं.	08:15	08:30	07:35	07:50
गुड़गाँव	09:28	09:30	08:48	08:50
रेवाड़ी जं.	10:15	10:22	09:40	09:50
अटेली	10:59	11:01	10:21	10:23
नारनौल	11:15	11:17	10:36	10:38
नारनौल के आगे के स्टेशनों में कोई परिवर्तन नहीं				
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 12309 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस				
नई दिल्ली	07:40	----	07:55	----
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 12393 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस				
नई दिल्ली	07:55	----	08:05	----
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 12428 आनन्द विहार (ट.)-रीवा एक्सप्रेस				
आनन्द विहार (ट.)	----	22:05	----	22:10
ग़ाज़ियाबाद	22:33	22:35	22:40	22:42
अलीगढ़ जं.	23:40	23:42	23:50	23:52
झींझक	02:19	02:20	02:24	02:25
कानपुर सेंट्रल	03:15	03:20	03:20	03:25
फतेहपुर	04:15	04:17	04:20	04:22
सिराथू	04:53	04:55	04:58	05:00
प्रयागराज जं.	06:10	06:15	06:05	06:10
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 12418 नई दिल्ली-प्रयागराज प्रयागराज एक्सप्रेस				
नई दिल्ली	----	22:10	----	22:15
ग़ाज़ियाबाद	22:42	22:44	22:50	22:52
अलीगढ़ जं.	23:55	23:57	00:02	00:04
कानपुर सेंट्रल	03:50	03:55	03:55	04:00
फतेहपुर	04:50	04:52	05:00	05:02
दिनांक 28.10.2026 से गाड़ी सं 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस				
प्रयागराज जं.	06:20	06:25	06:15	06:20
दिनांक 22.12.2026 से गाड़ी सं 20933 उधना-दानापुर एक्सप्रेस				
प्रयागराज जं.	04:05	04:30	04:05	04:25
ज्ञानपुर रोड	05:41	05:43	05:35	05:40
वाराणसी के आगे के स्टेशनों में कोई परिवर्तन नहीं				
दिनांक 23.12.2026 से गाड़ी सं 12562 नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस				
नई दिल्ली-प्रयागराज के मध्य के स्टेशनों में कोई परिवर्तन नहीं				
प्रयागराज जं.	05:15	05:25	05:25	05:35
ज्ञानपुर रोड	06:38	06:40	06:58	07:00
दिनांक 01.01.2027 से गाड़ी सं 20929 उधना-बनारस एक्सप्रेस				
वाराणसी	----	----	20:30	20:35
वाराणसी के आगे के स्टेशनों में कोई परिवर्तन नहीं				

रेलगाड़ियों के टर्मिनल (स्टेशन) में संशोधन

स्टेशन	वर्तमान समय		संशोधित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
दिनांक 01.01.2027 से गाड़ी सं 12275 प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस नई दिल्ली के स्थान पर आनन्द विहार (ट.) तक जायेगी				
नई दिल्ली	06:15	----	----	----
आनन्द विहार (ट.)	----	----	06:25	----
दिनांक 02.01.2027 से गाड़ी सं 12276 नई दिल्ली-प्रयागराज हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई दिल्ली के स्थान पर आनन्द विहार (ट.) से चलेगी				
नई दिल्ली	----	22:30	----	----
आनन्द विहार (ट.)	----	----	----	23:15
प्रयागराज जं.	06:20	----	07:45	----

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 2422/26(A)